अखिल भारतीय नवोदय विद्यालय कर्मचारी संघ

दिनांक 15.12.2013 को आयोजित राजस्थान स्टेट कॉफ्रेंस का कार्यवृत्त

दिनांक 15.12.2013 को राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) भवन जयपुर में अखिल भारतीय नवोदय विद्यालय कर्मचारी संघ, राजस्थान प्रदेश, द्वितीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राजस्थान के समस्त जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के महासचिव श्री महावीर सिंह थे । इस सम्मेलन में अखिल भारतीय नवोदय विद्यालय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री जगदीश राय, राष्ट्रीय महासचिव, श्री एल.बी.रेड्डी, राजस्थान प्रदेश महासचिव, श्री जी.एस. राठौड़, प्रदेश संयोजक, श्री सी.एस.कोरे, उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव श्री शम्भू प्रसाद, राष्ट्रीय सदस्य श्री तिलक सिंह, मध्य प्रदेश के महासचिव श्री लोधी, उपाध्यक्ष श्री ए.के.जोरादिया आदि ने सम्मेलन में अपने बहुमूल्य विचार देकर संगठन को शक्ति प्रदान की।

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गयी :–

1- सीसीएस पेंशन 1972
2- अशैक्षणिक कर्मचारियों को 10 प्रतिशत विशेष भत्ता
3- हडताल की अवधि का वेतन
4- सदस्यता नामांकन
5- समिति की ओर से संगठन को मान्यता
6- एम.ए.सी.पी.एस.
7- राज्य कार्यकारिणी का गठन
8- भविष्य के कार्य की योजना
9- छठी राष्ट्रीय बैठक, फरवरी 2014 के लिए योजना
10- संगठन को मजबूती प्रदान करना

श्री महावीर सिंह जी ने सदस्यों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए यथासंभव समय निकालना होगा । राष्ट्रीय महासचिव एल.बी. रेड्डी ने कहा कि विद्यालय इकाइयों को सबल बनाने और प्रत्येक विद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता शुल्क आने के लिए प्रयास किए जाएं एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश राय ने उपस्थित सदस्यों के प्रश्न एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया ।

इस सम्मेलन में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया । चयनित पदाधिकारियों के नाम निम्नलिखित हैं :

अध्यक्ष	: श्री जी.एस.राठौड़ (ज.न.वि. बीकानेर)
महासचिव	: श्री सी.एस.कोरे (ज.न.वि.अलवर)
उपाध्यक्ष	: श्री कौशल कुमार शर्मा (ज.न.वि.दौसा)
कार्यकारी उपाध्यक्ष	: श्री विश्वास निर्भीक (ज.न.वि. बारा)
उप महासचिव	: श्री सोमनाथ चक्रबर्ती (ज.न.वि. झालावार)
	: श्री बी.एल.मीणा (ज.न.वि. राजसमंद)
	: श्री ताराचन्द सैनी (ज.न.वि. धौलपुर)
कोषाध्यक्ष	: श्री जयराम मीणा (ज.न.वि. अलवर)
प्रेस रिपोर्टर	: राजेश कुमार शर्मा (ज.न.वि. बूंदी)

पदाधिकारियों के चयन के बाद अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव ने समस्त पदाधिकारियों का अभिनन्दन किया तथा बधाई दी । सम्मेलन को सफल बनाने में नवोदय विद्यालय बीकानेर, झालावार, बूंदी, राजसमंद, धौलपुर अलवर, के सदस्य श्री बी.एल.मीणा, डी.के. बारंगी, श्री पी.एन.सैनी, श्री के.डी.मीणा, श्री आई. एल.सैनी श्री एस.पी. हिरेमठ, आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।